पीठासीन अधिकारी :— प्रभजोत सिंह गिल आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या :— 68/2021

1. भीयाराम पुत्र हिमताराम जाति ब्राह्मण निवासी 11 डीडब्लयुडी तहसील खाजूवाला जिला बीकानेर।

.....प्रार्थीया

**बनाम**

1. जगसीरसिंह पुत्र जवाला सिंह जाति बावरी निवासी 14 डीडब्लयुडी तहसील खाजूवाला जिला बीकानेर।
2. राजस्थान स्टेट जरिये तहसीलदार खाजूवाला।

....अप्रार्थीगण

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) आर.टी.एक्ट

—: निर्णय :— दिनांक :—

प्रार्थना पत्र का ब्यौरा इस प्रकार से है कि प्रार्थी के नाम चक 11 डी.डब्लयु.डी का मुरब्बा नंबर 69/7 का किला नंबर 17 ता 24 कुल तादादी 1.9337 है0 कमाण्ड व इसी चक के मु0नं0 69/15 के किला नं0 1 में 0.1897 है0, किला नं0 10 में 0.0506 है0 कुल तादादी 0.2403 है0 इसप्रकार दोनो मुरब्बों की कुल तादादी 2.1750 है0 कमाण्ड भूमि दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है। इसी चक के मुरब्बा नंबर 69/6 के किला नंबर 1,10,11,20,21 में 2—2 कटानी रास्ता दर्ज है। इस रास्ते तक पहुंचने के लिए प्रार्थी द्वारा चक 11 डी.डब्लयु.डी मु0न0 69/7 के किला नंबर 1,10,11 अप्रार्थी सं0 1 के व इसी चक मुरब्बे में स्वंय के किला नं0 20,21 में दो—दो बिस्वा रास्ते की मांग की गई है।

किला नंबर 1,10,11 के खातेदार जगसीरसिंह द्वारा जवाब पेश किया गया है कि यदि अप्रार्थी के चक 11 डी.डब्लयु.डी के मु0नं0 69/7 के किला नं0 1,10,11 में 2—2 बिस्वा भूमि रास्ता कटान करने आदेश दिया जाता है तो मुझ अप्रार्थी को किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी और रास्ता कटान करने की सहमती प्रदान करता हूं और अप्रार्थी ने अपने जवाब बहस में रास्ते के बदले प्रतिफल के तौर प्रार्थी से कोई मांग नहीं की।

इसलिए अदालत द्वारा धारा 251 (ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम और धारा 151 सीपीसी के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए और पक्षकारों की आपसी सहमती के आधार पर यह फैसला किया जाता है कि चक 11 डी.डब्लयु.डी मु0न0 69/7 के किला नंबर 1,10,11 20,21 में किले की पश्चिमी सीमा के साथ 16 फीट भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में गैर मुमकिन रास्ता के तौर पर दर्ज किया जाए।

तहसीलदार खाजूवाला को निर्देशित किया जाता है राजस्व रिकॉर्ड में उक्त फैसले के मुताबिक अमल बरामद करवाएं और नक्शे में तरमीम करवाएं।

निर्णय आज दिनांक ................................ को सरे इजलास सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Prabhjot Singh Gill
Date: 2022.02.10 14:53:29 IST
Reason: SelfAttested

(प्रभजोत सिंह गिल),
(आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी,
(खाजूवाला)